# D.El.Ed. I Year Annual Examination-2026

**Paper Code: 102**
**(Set-A)**

**Roll No.** 00057065
**Total Pages : 23**
**D.El.Ed.-I/2/26**

## Education and Society
## शिक्षा और समाज

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घंटे**

**Maximum Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

***GENERAL INSTRUCTIONS:***

- This Question Paper has four parts : **Part-I, Part-II, Part-III** and **Part-IV.**
- All parts are compulsory.
- In **Part-I**, there are 10 Objective Type Questions. All Questions are compulsory. Each question carries 1 mark.
- In **Part-II**, there are 5 Questions (related with Assertion & Reason). All Questions are compulsory. Each question carries 2 marks.
- In **Part-III**, there are 8 Questions. Attempt any 5 Questions. Each Question carries 3 marks. (Answer in 100 words approximately).
- In **Part-IV**, there are 8 Questions. Attempt any 5 Questions. Each Question carries 8 marks. (Answer in 300 words approximately).
- In case of any discrepancy between the meanings of English and Hindi versions, the English version shall prevail accordingly.

***सामान्य निर्देश:***

- इस प्रश्नपत्र के चार भाग हैं : **भाग-I**, **भाग-II**, **भाग-III** और **भाग-IV**.
- प्रत्येक भाग के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- **भाग-I** में 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
- **भाग-II** में 5 प्रश्न (अभिकथन एवं तर्क से संबंधित) हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
- **भाग-III** में 8 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। (उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।)
- **भाग-IV** में 8 प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। (उत्तर लगभग 300 शब्दों में दें।)
- अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों के अर्थ के बीच किसी भी विसंगति के मामले में अंग्रेजी संस्करण तदनुसार मान्य होगा।

*********

## PART-I ( भाग-I )

**All questions are compulsory.** **(1×10=10)**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**Select the correct option.**

**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

1. The subject 'Education and Society' does **NOT** study.

   (a) The role played by education in society.

   (b) The role of society in shaping the nature of education.

   (c) The reciprocal relationship between society and education and their mutual influence on each other.

   (d) The role of the officers in education.

   'शिक्षा और समाज' विषय में अध्ययन **नहीं** किया जाता है।

   (a) समाज में शिक्षा द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका का।

   (b) शिक्षा का स्वरूप निर्धारित करने में समाज की भूमिका का।

   (c) समाज और शिक्षा दोनों के आपसी संबंधों और इनका एक दूसरे पर पड़ने वाले प्रभावों का।

   (d) शिक्षा में अधिकारियों की भूमिका का।

2. Which article of constitution is in the context of the caste system of Indian society?

(a) Article 14

(b) Article 15

(c) Article 16

(d) Article 17

संविधान का कौन सा अनुच्छेद भारतीय समाज की जाति व्यवस्था के संदर्भ में है?

(a) अनुच्छेद 14

(b) अनुच्छेद 15

(c) अनुच्छेद 16

(d) अनुच्छेद 17

3. In which year the $86^{th}$ amendment in constitution as Article 21 (A) made provision for compulsory and free education for all children between 6 and 14 years was made?

(a) in 2002

(b) in 2005

(c) in 2009

(d) in 2022

भारतीय संविधान में 86 वें संशोधन द्वारा अनुच्छेद 21(A) में 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किस वर्ष में किया गया?

(a) सन् 2002 में

(b) सन् 2005 में

(c) सन् 2009 में

(d) सन् 2022 में

4. National education policy 2020 recommends the school structure as :

(a) 10 + 2 + 1

(b) 5 + 3 + 3 + 4

(c) 2 + 2 + 2

(d) 5 + 3 + 2 + 4

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा विद्यालय की संरचना किस प्रकार की है?

(a) 10 + 2 + 1

(b) 5 + 3 + 3 + 4

(c) 2 + 2 + 2

(d) 5 + 3 + 2 + 4

5. The Constitution of India promotes equality and also recognizes affirmative measures to uplift these social groups-

(a) For religious minorities

(b) For certain racial groups

(c) For SC, ST, and OBC communities

(d) For none of the above

भारत का संविधान समानता को बढ़ावा देता है। यह सामाजिक समूहों को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक विभेदकारी कदमों को भी मान्यता देता है -

(a) धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए

(b) कुछ खास नस्लीय समूहों के लिए

(c) एससीएसटी और ओबीसी समुदायों के लिए

(d) किसी के लिए भी नहीं

6. The members of the School Management Committee proposed in the Right to Education Act, 2009 do not include:

(a) Parents

(b) Teachers

(c) At least 50% of the committee should be women

(d) Alumni

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में प्रस्तावित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों में कौन शामिल नहीं हैं-

(a) अभिभावक

(b) शिक्षक

(c) समिति में कम से कम 50% महिलाएँ

(d) पूर्व विद्यार्थी

7. The establishment of Navodaya Vidyalayas was recommended by...

(a Radhakrishnan Commission, 1948

(b) Kothari Commission, 1964

(c) National Education Policy, 1986

(d) Right to Education Act, 2009

नवोदय विद्यालयों की स्थापना की सिफारिश किसके द्वारा की गयी थी।

(a) राधाकृष्णन आयोग, 1948

(b) कोठारी आयोग, 1964

(c) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986

(d) शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009

मिति के

8. Which of the following is NOT an objective of the 'Mid-day Meal Scheme'?

(a) Increasing school enrollment among children

(b) Increasing school attendance among children

(c) Relieving parents responsibility of feeding their children

(d) Providing nutritious food to improve children's physical and mental health.

इनमें से कौन-सा मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य नहीं है-

(a) बच्चों का विद्यालय में नामांकन बढ़ाना

(b) विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना

(c) अभिभावकों को बच्चों को भोजन देने की जिम्मेदारी से मुक्त करना

(d) पौष्टिक आहार प्रदान कर बच्चों का शारीरिक व मानसिक पोषण करना।

9. Which of the following is most essential for inclusion in the classroom?

(a) Multi-level and flexible curriculum, appropriate and accessible physical environment, and sensitive teachers with engaging and differentiated teaching methods.

(b) Separate assistants and teachers for each specific need, along with expensive resources.

(c) A controlled classroom plan and its implementation with audio-visual resources.

(d) Mandatory presence of parents with children with special needs at all times.

कक्षा में समावेशन के लिए इनमें से क्या सर्वाधिक जरूरी है-

(a) बहुस्तरीय लचीले पाठ्यक्रम, उपयुक्त सुविधाजनक भौतिक वातावरण, रुचिकर विशिष्ट शिक्षण विधियों के साथ संवेदनशील शिक्षक

(b) महंगे संसाधनों के साथ प्रत्येक विशिष्ट आवश्यकताओं हेतु पृथक् सहायक और शिक्षक

(c) दृश्य-श्रव्य संसाधनों के साथ नियंत्रित कक्षा-कक्ष योजना व उसका क्रियान्वयन

(d) विशिष्ट बच्चों के सहायता के लिए हर समय अभिभावकों की अनिवार्य उपस्थिति

10. Which of the following is NOT included in the provisions of the 'Rights of Persons with Disabilities Act, 2016'?

(a) A list of 21 types of disabilities.

(b) Provision of 10% reservation for persons with disabilities in employment.

(c) Creation of a barrier-free environment for persons with disabilities in schools.

(d) Provision of free education for persons with disabilities aged 6 to 18.

'दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम, 2016' के प्रावधानों में क्या नहीं शामिल है –

(a) इसमें 21 तरह की विकलांगताओं की सूची।

(b) रोजगार में दिव्यागों हेतु 10% आरक्षण की व्यवस्था।

(c) विद्यालय में दिव्यांगों हेतु अवरोध मुक्त वातावरण का निर्माण।

(d) 6 से 18 वर्ष तक के दिव्यागों को मुफ्त शिक्षा का प्रावधान।

## PART-II ( भाग-II )

**All questions are compulsory.** **(2×5=10)**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**Select the correct option :**

**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

11. Assertion (A): The Constitution of India is the longest constitution in the world.

Reason (R): The constitution has been drafted to suit the needs of the country.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) (A) is false but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है।

तर्क (R) : संविधान को देश की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

12. Assertion (A): The Preamble to the Constitution emphasizes the value of justice.

Reason (R): No democracy can succeed without social, economic, and political justice.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) (A) is false but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : संविधान की प्रस्तावना में न्याय के मूल्य पर जोर दिया गया है।

तर्क (R) : बिना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के कोई भी लोकतंत्र सफल नहीं हो सकता है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

13. Assertion (A): The Panchayati Raj system was essentially an attempt to decentralize power.

Reason (R): This enabled rural people to participate in making decisions on important national issues.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) (A) is false but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : पंचायती राज प्रणाली का आरंभ वास्तव में सत्ता के विकेंद्रीकरण का प्रयास था।

तर्क (R) : इससे ग्रामीण लोग राष्ट्रीय स्तर के महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर फैसले लेने में सक्षम बने।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

14. Assertion (A): A bridge course is a short-term course designed to bridge the learning gaps of students.

Reason (R): It helps students to take admission to their age-appropriate grade level, develop competencies with their level, and adapt socially.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) (A) is false but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : सेतु पाठ्यक्रम एक छोटी अवधि का कोर्स होता है जिसमें शिक्षार्थी के सीखने के अंतराल को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

तर्क (R) : इसके द्वारा शिक्षार्थी को अपनी उम्र के उपयुक्त कक्षा में प्रवेश, स्तर के अनुरूप दक्षताएँ विकासित करने और सामाजिक अनुकूलन में मदद मिलती है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

15. Assertion (A): An inclusive school has no prejudice against students from diverse socio-cultural backgrounds and varying economic circumstances, including first-generation learners and students with disabilities.

Reason (R): The belief that "everyone is unique and everyone can learn" helps in adopting inclusive teaching and support practices, thereby making inclusion possible.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) (A) is false but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : एक समावेशी विद्यालय में प्रथम पीढ़ी के अधिगमकर्ताओं, दिव्यांगों सहित सामाजिक-सांस्कृतिक विविधताओं और भिन्न आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं होता।

तर्क (R) : 'सभी अद्वितीय हैं और सब सीख सकते हैं', यह मान्यता ही सभी के अनुकूल शिक्षण और सहायता को अपनाने और इसके द्वारा समावेशन को संभव बनाने में मदद करती है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

## PART-III (भाग-III)

**Attempt any Five questions :** **(3x5=15)**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।**

16. Write about any three social challenges facing by India today. (1+1+1)

आज के भारत के समक्ष उपस्थित किन्ही तीन सामाजिक चुनौतियों के बारे में लिखिए।

17. How do the values embedded in the preamble serve as guiding principles for a teacher in a classroom? Explain with examples. (3)

संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्य विद्यालयी कक्षा में किस तरह शिक्षक के लिए दिशा निर्देशन का काम करते हैं? उदाहरण सहित बताइए।

18. Why is the 'Right to Education Act, 2009' important in your opinion? Explain in three points. (1+1+1)

'शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009' आपकी नजर में क्यों महत्वपूर्ण है? तीन बिंदुओं में समझाइए।

19. A student in your class is not paying attention to her studies at all. As a teacher, what three steps can you take to identify the problem? (1+1+1)

आपकी कक्षा में एक छात्रा पढ़ाई पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देती है। एक शिक्षिका के तौर पर आप समस्या की पहचान करने के लिए क्या तीन कदम उठा सकती हैं?

20. 'Wastage and stagnation is now a problem of the past'. Give your opinion on this statement. (3)

'अपव्यव और अवरोधन अब एक बीते हुए समय की समस्या है।' इस कथन पर अपनी राय दीजिए।

21. What do you understand by 'access to equitable and quality education for all'? Suggest two measures to achieve this. (1+2)

'समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सबकी पहुँच से आप क्या समझते हैं?' इसके लिए कोई दो उपाय सुझाइए।

22. A parent has come to the school to enroll their child in the third grade, but the child is slightly older than the typical age for that grade level. As the school principal, what would you do, keeping in mind the Right to Education Act, 2009? (3)

एक अभिभावक अपने बच्चे का तीसरी कक्षा में दाखिला कराने विद्यालय में आए हैं, पर बच्चे की उम्र कक्षा के स्तर से थोड़ी ज्यादा है। विद्यालय प्रमुख के तौर पर 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009' को ध्यान में रखते हुए आप क्या करेंगी?

23. "Only educated individuals can create an empowered society and strong nation." Analyze this statement. (3)

'शिक्षित व्यक्ति ही एक सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की रचना कर सकते हैं।'

इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

## PART-IV ( भाग-IV )

**Attempt any Five questions :** **(5x8=40)**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।**

24. In your class, some students are slow learners, some are very quick, while most learn at an average pace. In this situation, what teaching methods would you apply as a teacher? Explain your approach in detail, covering at least four points. (2+2+2+2)

आपकी कक्षा में कुछ विद्यार्थियों के सीखने की गति धीमी और कुछ की तेज है, जबकि ज्यादातर सामान्य गति से सीखते हैं। इस परिस्थिति में एक शिक्षक के तौर पर आपकी शिक्षण विधियाँ क्या और कैसी होंगी? किन्हीं चार बिंदुओं में अपनी बात विस्तृत रूप में प्रस्तुत करें।

25. "Education determines the future of society, and society determines the present state of education." Analyze this statement in detail, providing examples. (4+4)

'शिक्षा समाज का भविष्य तय करती है और समाज शिक्षा का वर्तमान।' इस कथन का उदाहरण सहित विस्तार से विश्लेषण कीजिए।

26. "All education policies have attempted to put into practice the values enshrined in the Constitution." Write your opinion on this statement in light of the any four provisions of various education policies. (2+2+2+2)

'सभी शिक्षा नीतियों में संविधान प्रदत्त मूल्यों को ही व्यवहारिक रूप में संभव बनाने का प्रयास किया गया है।' विभिन्न शिक्षा नीतियों के किन्हीं चार प्रावधानों के साथ कथन पर अपनी राय लिखिए।

27. "The Right to Education Act, 2009 empowers children as citizens with rights." Justify the statement by citing any four of its policy provisions.

(2+2+2+2)

'शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 बच्चों को अधिकार संपन्न नागरिक के तौर पर सशक्त बनाता है।' इसके किन्हीं चार नीति प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

28. What challenges still remain in the way of women's education? Describe some of the measures being taken to address these challenges and offer some suggestions of your own.

(4+4)

महिलाओं की शिक्षा के रास्ते में कौन-सी चुनौतियाँ अब तक बनी हुई हैं? इससे निपटने के लिए किए जा रहे कुछ उपायों के बारे में बताएँ और अपनी तरफ से भी कुछ सुझाव दीजिए।

29. 'A sensitive, aware, and empowered teacher is essential for making inclusive education possible. Describe four inclusive educational practices in detail in this content. (2+2+2+2)

'एक संवेदनशील, जागरुक और सशक्त शिक्षक ही समावेशी शिक्षा को संभव बना सकता है।' इस संदर्भ में किन्हीं चार समावेशी शैक्षिक पद्धतियों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

30. National Education Policy, 1986 was neither entirely successful nor unsuccessful. Analyze both aspects of it in detail. (4+4)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 न तो पूर्णतः सफल रही और न ही असफल। इसके दोनों पक्षों का विस्तार से विश्लेषण कीजिए।

31. India is the world's largest democracy, an education system imbibed with democratic values can make it the best democracy. Explain the meaning of democratic values and discuss their presence in the current education system. Also, provide some suggestions for promoting these values. (2+3+3)

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लोकतांत्रिक मूल्यों से लैस शिक्षा प्रणाली ही इसे सबसे बेहतर लोकतंत्र बना सकती है। लोकतांत्रिक मूल्यों का अर्थ बताते हुए वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में इसकी उपस्थिति के बारे में बताइए। साथ ही इसे बढ़ावा देने के लिए कुछ सुझाव भी दीजिए।